# प्रादेशिक समाचार

## दिनांक–21.10.2024 (संध्या 1900 बजे)

### मुख्य समाचार

- इंडी गठबंधन में सीट शेयरिंग को लेकर तस्वीर साफ नहीं, झामुमो और कांग्रेस प्रत्याशियों की सूची अब तक नहीं हुई जारी, सीटों को लेकर राजद और भाकपा माले के साथ बातचीत जारी।
- भाजपा ने पार्टी के भीतर किसी भी प्रकार के अंसतोष से किया इनकार, प्रदेश चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा– बरहेट और टुंडी सीट के लिए भी जल्द की जायेगी प्रत्याशियों की घोषणा।
- एनडीए के घटक दल जदयू और लोजपा–आर ने भी पार्टी उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की, पश्चिमी सिंहभूम से सरयू राय और तमाड़ सीट से राजा पीटर होंगे जदयू प्रत्याशी, लोजपा ने जनार्दन पासवान को चतरा से दिया टिकट।
- बंगाल की खाड़ी में चक्रवातीय तूफान का झारखंड में भी दिखेगा असर, मौसम विभाग ने 24 और 25 अक्तूबर को रांची, खूंटी, सिंहभूम समेत कई जिलों में भारी बारिश का जताया पूर्वानुमान।
- मेक्सिको में खेले गये तीरंदाजी विश्व कप फाइनल में भारत की ओर से झारखंड की दीपिका कुमारी ने महिलाओं के रिकर्व वर्ग में जीता रजत पदक।

**************

इंडी गठबंधन में सीट शेयरिंग की तस्वीर अब भी साफ नहीं हो सकी है। इस कारण झामुमो और कांग्रेस प्रत्याशियों की सूची अब तक जारी नहीं हो सकी है। इधर, सीटों को लेकर जारी खींचतान को खत्म करने के लिए राजद और भाकपा माले के साथ बातचीत जारी है। झामुमो नेता मनोज पांडेय ने कहा है कि जल्द ही गठबंधन के सभी नेता मिल–बैठकर इस मामले को सुलझा लेंगे।

**************

इस बीच भाजपा के प्रदेश चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि इंडी गठबंधन में स्वभाविक गठजोड़ नहीं है। श्री चौहान ने आरोप लगाया कि यह स्वार्थी लोगों का गठबंधन है जो राज्य और देश के विकास के लिए बाधक हैं।

भाजपा के प्रदेश चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान और सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा आज फिर रांची पहुंचे हैं। दोनों नेता विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक कर रहे हैं।

रांची में पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री सरमा ने कहा कि बरहेट और टुंडी सीट के लिए भी जल्द ही प्रत्याशियों की घोषणा की जायेगी। उन्होंने यह भी कहा कि टिकट को लेकर भाजपा के भीतर कोई असंतोष नहीं।

**************

इधर, एनडीए के प्रमुख घटक दल भाजपा और आजसू पार्टी के बाद जदयू और चिराग पासवान के नेतृत्व वाली लोजपा–आर ने भी आज विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी है। जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा ने बताया कि सरयू राय जमशेदपुर पश्चिम से चुनाव लड़ेंगे, जबकि राजा पीटर तमाड़ विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार होंगे। वहीं, चतरा सीट से लोजपा–आर ने जनार्दन पासवान को टिकट दिया है।

**************

झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए 43 सीटों पर नामांकन प्रक्रिया जारी है। पहले चरण के लिए आज पांकी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी डा. कुशवाहा शशि भूषण मेहता ने अपना नामांकन दाखिल किया। उधर, गढ़वा से झामुमो के संभावित प्रत्याशी मिथिलेश ठाकुर और भवनाथपुर से अनंत प्रताप देव ने

अपनी नामजदगी के पर्चे दाखिल किये। झारखंड मुक्ति मोर्चा की ओर से संजीव सरदार पोटका विधानसभा क्षेत्र से मंगल कालिंदी ने जुगसलाई से अपना नामांकन भरा।

पहले चरण के लिए नामांकन की अंतिम तिथि 25 अक्टूबर है। वहीं दूसरे चरण की 38 सीटों के लिए कल अधिसूचना जारी की जायेगी।

**************

विधानसभा चुनाव को लेकर मतदाताओं को जागरुक करने के मकसद से धनबाद जिले में निर्वाचन आयोग के निर्देश पर कई कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

**************

केन्द्र सरकार ने झारखंड समेत देश के 234 नए शहरों में 730 निजी रेडियो चैनलों की शुरूआत के लिए निजी एफएम रेडियो चरण के तीसरे बैच की ई–नीलामी के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। सूचना और प्रसारण मंत्रालय के वरिष्ठ आर्थिक सलाहकार आर.के.जेना ने कहा कि इन शहरों में एफएम चैनल आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 18 नवंबर है। नोटिस सूचना और प्रसारण मंत्रालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है। इस संबंध में जागरुकता के मकसद से कल रांची में दोपहर तीन बजे फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सभागार में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया है। इस कार्यशाला में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अधिकारी झारखंड में एफएम रेडियो स्थापित करने के लिए इच्छुक संभावित लोगों से संवाद करेंगे। एफएम रेडियो के लिए स्वीकृत शहरों और कस्बों में से कई आकांक्षी जिलों और वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में हैं।

**************

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के वरिष्ठ आर्थिक सलाहकर आर के जेना ने विशेष स्वच्छता अभियान 4.0 के तहत आज आकाशवाणी रांची में चलाये गए स्वच्छता कार्यों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत श्री जेना ने आकाशवाणी परिसर में पौधा रोपण भी किया। आकाशवाणी महानिदेशालय के निर्देशानुसार 2 अक्तूबर से 31 अक्तूबर तक चलने वाले स्वच्छता अभियान और एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत आकाशवाणी रांची परिसर में सफाई और पौधा रोपण कार्य किया जा रहा है।

**************

बंगाल की खाड़ी में एक चक्रवातीय तूफान बनने से झारखंड के मौसम में बदलाव होने की संभावना है। इसके असर से राजधानी रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में 23 अक्टूबर से मौसम में बदलाव होगा। राज्य के ऊपर बादल छाएंगे और बारिश होने की भी आशंका है। मौसम विज्ञान केन्द्र के प्रभारी निदेशक अभिषेक आनंद ने बताया कि 24 अक्तूबर को खूंटी, सरायकेला–खरसावां, पश्चिमी सिंहभूम और पूर्वी सिंहभूम में कुछ स्थानों पर भारी वर्षा हो सकती है। इस दौरान तीस से चालीस किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल सकती है और कुछ स्थानों पर वज्रपात की भी संभावना है। श्री आनंद ने बताया कि 25 अक्तूबर को इन इलाकों के साथ ही रांची, लोहरदगा, गुमला और सिमडेगा में भी  कुछ स्थानों पर भारी बारिश का पूर्वानुमान है। इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है।

**************

तीरंदाजी विश्व कप फाइनल में मेक्सिको में भारत की ओर से झारखंड की दीपिका कुमारी ने महिलाओं के रिकर्व वर्ग में रजत पदक जीता है। उन्हें फाइनल में चीन की ली जियामन से हार का सामना करना पड़ा। दीपिका ने सेमीफाइनल में मेजबान मेक्सिको की अलहन्द्रा वेलेंसिया को 6–4 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। दीपिका कुमारी पांचवीं बार तीरंदाजी विश्व कप में उपविजेता रहीं।

*******समाप्त*******